NEWS18 हिंदी

## बॉक्स असली, दवा नकली! आगरा में 200 करोड़ की नकली दवाओं का पर्दाफाश, कई मेडिकल स्टोर मालिक गिरफ्तार




**आगरा:** नकली दवाओं के नेटवर्क को लेकर औषधि विभाग ने बड़ा खुलासा किया है. पिछले कुछ दिनों से जारी छापेमारी और जांच के बाद करोड़ों की दवाएं जब्त की गई हैं और एक संगठित गैंग के जरिए नकली दवाइयों की खरीद-फरोख्त का मामला सामने आया है. ड्रग विभाग की अपार आयुक्त रेखा एस. चौहान ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले की जानकारी दी.

ड्रग विभाग की अपार आयुक्त रेखा एस. चौहान ने बताया, यह पूरा रैकेट आगरा ही नहीं, बल्कि लखनऊ, बरेली, कानपुर, मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ जैसे शहरों तक फैला हुआ था. उन्होंने बताया कि हे मां मेडिकल, बंसल मेडिकल, राधे मेडिकल और एमएसवी मेडिकल के ठिकानों पर छापे मारे गए. छापेमारी में हे मां मेडिकल से अब तक 60 करोड़ और राधे मेडिकल से 10 करोड़ की दवाएं सीज की गईं है.

Source: [https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/agra-fake-medicines-worth-rs-200-crore-busted-in-agra-several-medical-store-owners-arrested-ws-e-9570212.html](https://hindi.news18.com/news/uttar-pradesh/agra-fake-medicines-worth-rs-200-crore-busted-in-agra-several-medical-store-owners-arrested-ws-e-9570212.html)